Need to increase the number of sleeper coaches in Sapt Kranti SF Express (Train Nos 12557/12558) and run a similar train on New Delhi - Sitamarhi route-laid

श्री सुनील कुमार (वाल्मीकिनगर): मैं माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान जनकल्याण के अति महत्वपूर्ण विषय पर आकृष्ट कराना चाहता हूं। गाड़ी संख्या 12557/12558 आनंद विहार से लखनऊ, गोरखपुर तथा नरकटियागंज होते हुए मुजफ्फरपुर तक चलती है। वाल्मीकिनगर लोकसभा क्षेत्रवासियों के लिए यह एकमात्र सुपरफास्ट ट्रेन है। इस ट्रेन में पूर्व में स्लीपर के 12 कोच हुआ करते थे, जिसको अब घटाकर 6 कर दिया गया है तथा 4 नए एसी कोच को जोड़ा गया है। स्लीपर कोच में मजदूर वर्ग, कम आय वाले व्यक्ति तथा मरीज लोग काफी संख्या में यात्रा करते थे, स्लीपर कोच की संख्या घटाने से गरीब तबके के यात्रियों को यात्रा करने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि यह लोग एसी कोच का किराया वहन करने में सक्षम नहीं हैं। अतः मैं सरकार से मांग करता हूं कि गाड़ी संख्या 12557/12558 में स्लीपर कोच की संख्या को पूर्व की भांति 12 किया जाए और साथ ही इस रूट पर सप्तक्रांति सुपरफास्ट एक्सप्रेस की तर्ज पर 1 नई रेलगाड़ी नई दिल्ली, लखनऊ, गोरखपुर, सिकटा होते हुए सीतामढ़ी तक जनहित में यथाशीघ्र चलाया जाए।